Test Booklet No.
परीक्षा पुस्तिका संख्या

232549

This booklet contains 64 pages.
इस पुस्तिका में 64 पृष्ठ हैं ।

# JBC – 12

## PAPER II / प्रश्न-पत्र II

**MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका**

Test Booklet Code
परीक्षा पुस्तिका संकेत

# P

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**

**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**

### *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of $1\frac{1}{2}$ **hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue / Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **P**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions, each carrying 1 mark :
   - Part I : Child Development and Pedagogy *(Q. 1 to Q. 30)*
   - Part II : Mathematics and Science *(Q. 31 to Q. 90)*
   - Part III : Social Studies / Social Science *(Q. 31 to Q. 90)*
   - Part IV : Language I – (English/Hindi) *(Q. 91 to Q. 120)*
   - Part V : Language II – (English/Hindi) *(Q. 121 to Q. 150)*
6. Candidates have to do questions 31 to 90 **EITHER** from Part II (Mathematics and Science) **OR** from Part III (Social Studies/Social Science).
7. Part IV contains 30 questions for Language I and Part V contains 30 questions for Language II. In this test booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language I and/or Language II is a language other than English or Hindi, please ask for a Test Booklet that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form.**
8. **Candidates are required to attempt questions in Part V (Language II) in a language other than the one chosen as Language I (in Part IV) from the list of languages.**
9. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
10. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

### *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश*

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि $1\frac{1}{2}$ **घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत** है **P**. यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी प्रश्न पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक 1 अंक का है :
   - भाग I : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र *(प्र. 1 से प्र. 30)*
   - भाग II : गणित व विज्ञान *(प्र. 31 से प्र. 90)*
   - भाग III : सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान *(प्र. 31 से प्र. 90)*
   - भाग IV : भाषा I — (अंग्रेज़ी / हिन्दी) *(प्र. 91 से प्र. 120)*
   - भाग V : भाषा II — (अंग्रेज़ी / हिन्दी) *(प्र. 121 से प्र. 150)*
6. परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 **या** तो भाग II (गणित व विज्ञान) **या** भाग III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।
7. भाग IV में भाषा I के लिए 30 प्रश्न और भाग V में भाषा II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा I और/या भाषा II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है तो कृपया उस भाषा वाली परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिएँ ।**
8. **परीक्षार्थी भाग V (भाषा II) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
9. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।

Name of the Candidate (in Capitals) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में ) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ____________________

: in words (शब्दों में) ____________________

Centre of Examination (in Capitals) : ____________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में ) :

Candidate's Signature : ____________________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर :

Invigilator's Signature : ____________________
निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent ____________________

SEAL

## PART I / भाग I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

**1.** Environmental factors that shape development include all of the following *except*

(1) quality of education

(2) physique

(3) quality of nutrition

(4) culture

**2.** Seema learns every lesson very quickly but Leena takes longer to learn them. It denotes the developmental principle of

(1) continuity

(2) general to specific

(3) individual differences

(4) inter-relationships

**3.** Development starts from

(1) the stage of infancy

(2) pre-childhood stage

(3) post-childhood stage

(4) pre-natal stage

**4.** Which of the following is predominantly a heredity related factor ?

(1) Attitude towards peer group

(2) Thinking pattern

(3) Colour of the eyes

(4) Participation in social activities

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**1.** निम्नलिखित में से __________ के अतिरिक्त सभी वातावरणीय कारक विकास को आकार देते हैं ।

(1) शिक्षा की गुणात्मकता

(2) शारीरिक गठन

(3) पौष्टिकता की गुणवत्ता

(4) संस्कृति

**2.** सीमा हर पाठ को बहुत जल्दी सीख लेती है जबकि लीना उसे सीखने में ज़्यादा समय लेती है । यह विकास के __________ सिद्धांत को दर्शाता है ।

(1) निरंतरता

(2) सामान्य से विशिष्ट की ओर

(3) वैयक्तिक भिन्नता

(4) अंतःसम्बन्ध

**3.** विकास शुरू होता है

(1) शैशवास्था से

(2) पूर्व-बाल्यावस्था से

(3) उत्तर-बाल्यावस्था से

(4) प्रसवपूर्व अवस्था से

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्य रूप से आनुवंशिकता सम्बन्धी कारक है ?

(1) समकक्ष व्यक्तियों के समूह के प्रति अभिवृत्ति

(2) चिंतन पैटर्न

(3) आँखों का रंग

(4) सामाजिक गतिविधियों में भागीदारिता

5. Teachers are advised to involve their learners in group activities because, besides facilitating learning, they also help in

(1) Value conflicts

(2) Aggression

(3) Anxiety

(4) Socialization

6. A student is aggressive in his behaviour towards his peer group and does not conform to the norms of the school. This student needs help in

(1) Cognitive domain

(2) Psychomotor domain

(3) Affective domain

(4) Higher order thinking skills

7. The stage of cognitive development, according to Piaget, in which a child displays 'object permanence' is

(1) Sensorimotor stage

(2) Pre-operational stage

(3) Concrete operational stage

(4) Formal operational stage

8. According to Kohlberg, the thinking process involved in judgments about questions of right and wrong is called

(1) Moral realism

(2) Moral dilemma

(3) Morality co-operation

(4) Moral reasoning

5. शिक्षकों को यह सलाह दी जाती है कि वे अपने शिक्षार्थियों को सामूहिक गतिविधियों में शामिल करें क्योंकि सीखने को सुगम बनाने के अतिरिक्त, ये __________ में भी सहायता करती हैं ।

(1) मूल्य द्वंद्व

(2) आक्रामकता

(3) दुश्चिंता

(4) समाजीकरण

6. एक विद्यार्थी अपने समकक्ष व्यक्तियों के समूह के प्रति आक्रामक व्यवहार करता है और विद्यालय के मानदंडों को नहीं मानता । इस विद्यार्थी को __________ में सहायता की आवश्यकता है ।

(1) संज्ञानात्मक क्षेत्र

(2) मनोगत्यात्मक क्षेत्र

(3) भावात्मक क्षेत्र

(4) उच्च स्तरीय चिंतन कौशल

7. पियाज़े के अनुसार, संज्ञानात्मक विकास के किस चरण पर बच्चा 'वस्तु स्थायित्व' को प्रदर्शित करता है ?

(1) संवेदीप्रेरक चरण

(2) पूर्व-संक्रियात्मक चरण

(3) मूर्त संक्रियात्मक चरण

(4) औपचारिक संक्रियात्मक चरण

8. कोह्लबर्ग के अनुसार, सही और ग़लत के प्रश्न के बारे में निर्णय लेने में शामिल चिंतन-प्रक्रिया को कहा जाता है

(1) नैतिक यथार्थवाद

(2) नैतिक दुविधा

(3) सहयोग की नैतिकता

(4) नैतिक तर्कणा

14. A good textbook avoids
(1) gender bias
(2) gender sensitivity
(3) gender equality
(4) social responsibility

15. Gifted students will realize their potential when
(1) they are segregated from other students
(2) they attend private coaching classes
(3) they are tested frequently
(4) they learn with other students

16. Inclusive education refers to a school education system that
(1) includes children with disability
(2) includes children regardless of physical, intellectual, social, linguistic or other differently abled conditions
(3) encourages education of children with special needs through exclusive schools
(4) emphasizes the need to promote the education of the girl child only

17. Dyslexia is associated mainly with difficulties in
(1) speaking
(2) speaking and hearing
(3) hearing
(4) reading

18. The major frustration that children with hearing loss face in the classroom is
(1) the inability to read the prescribed textbook
(2) the inability to participate in sports and games
(3) the inability to communicate or share information with others
(4) the inability to take examinations with other students

14. एक अच्छी पाठ्य-पुस्तक __________ से बचती है ।
(1) लैंगिक पूर्वाग्रह
(2) लैंगिक संवेदनशीलता
(3) लैंगिक समानता
(4) सामाजिक उत्तरदायित्व

15. प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपनी क्षमताओं को तब विकसित कर पाएँगे जब
(1) उन्हें अन्य विद्यार्थियों से अलग किया जाएगा
(2) वे निजी कोचिंग कक्षाओं में पढ़ेंगे
(3) बार-बार उनकी परीक्षा होगी
(4) वे अन्य विद्यार्थियों के साथ अधिगम-प्रक्रिया से जुड़ते हैं

16. समावेशी शिक्षा उस विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था की ओर संकेत करती है
(1) जो सभी निर्योग्य बच्चों को शामिल करती है
(2) जो उनकी शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, भाषिक या अन्य विभिन्न योग्यता स्थितियों को ध्यान में रखे बग़ैर सभी बच्चों को शामिल करती है
(3) विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को विशिष्ट विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा देने को प्रोत्साहित करती है
(4) केवल बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देती है

17. 'डिस्लेक्सिया' मुख्य रूप से __________ की समस्या से सम्बन्धित है ।
(1) बोलने
(2) बोलने व सुनने
(3) सुनने
(4) पढ़ने

18. श्रवण ह्रास से ग्रसित बच्चे कक्षा में किस सबसे मुख्य नैराश्य (कुण्ठा) का सामना करते हैं ?
(1) प्रस्तावित पाठ्य-पुस्तक को पढ़ने की अक्षमता
(2) खेल-कूद में भागीदारिता निभाने में अक्षमता
(3) दूसरों के साथ संप्रेषण करने तथा सूचनाओं को बाँटने में अक्षमता
(4) दूसरे विद्यार्थियों के साथ परीक्षा देने में अक्षमता

19. The 'doing' aspect of behaviour falls in the
(1) Cognitive domain of learning
(2) Affective domain of learning
(3) Conative domain of learning
(4) Psychological domain of learning

20. A student works hard to clear an entrance test for admission into a medical college. The student is said to be motivated
(1) intrinsically
(2) extrinsically
(3) individually
(4) experientially

21. A teacher engages her learners in a number of group activities such as group discussions, group projects, role plays, etc. The learning dimension it highlights is
(1) language-guided learning
(2) competition-based learning
(3) learning as a social activity
(4) learning through recreation

22. Creativity is usually associated with
(1) Convergent thinking
(2) Divergent thinking
(3) Modelling
(4) Imitation

23. A teacher always helps her learners link the knowledge they have derived in one subject area with the knowledge from other subject areas. This helps to promote
(1) individual differences
(2) learner autonomy
(3) reinforcement
(4) correlation and transfer of knowledge

19. व्यवहार का 'करना' पक्ष __________ में आता है ।
(1) सीखने के संज्ञानात्मक क्षेत्र
(2) सीखने के भावात्मक क्षेत्र
(3) सीखने के गतिक (कोनेटिव) क्षेत्र
(4) सीखने के मनोवैज्ञानिक क्षेत्र

20. एक विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज में दाख़िला लेने के लिए कठिन परिश्रम करता है ताकि वह प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हो सके । यह विद्यार्थी __________ रूप से अभिप्रेरित है ।
(1) आंतरिक
(2) बाह्य
(3) वैयक्तिक
(4) आनुभविक

21. एक शिक्षिका अपने शिक्षार्थियों को अनेक तरह की सामूहिक गतिविधियों में व्यस्त रखती है, जैसे — समूह-चर्चा, समूह-परियोजनाएँ, भूमिका निर्वाह, आदि । यह सीखने के किस आयाम को उजागर करता है ?
(1) भाषा-निर्देशित अधिगम
(2) प्रतियोगिता-आधारित अधिगम
(3) सामाजिक गतिविधि के रूप में अधिगम
(4) मनोरंजन द्वारा अधिगम

22. सृजनात्मकता मुख्य रूप से ________ से सम्बन्धित है ।
(1) अभिसारी चिंतन
(2) अपसारी (बहुविध) चिंतन
(3) मॉडलिंग
(4) अनुकरण

23. एक शिक्षिका अपने शिक्षार्थियों की सदैव इस रूप में सहायता करती है कि वे एक विषय-क्षेत्र से प्राप्त ज्ञान को दूसरे विषय-क्षेत्रों के ज्ञान के साथ जोड़ सकें । इससे __________ को बढ़ावा मिलता है ।
(1) वैयक्तिक भिन्नताओं
(2) शिक्षार्थी-स्वायत्तता
(3) पुनर्बलन
(4) ज्ञान के सह-सम्बन्ध एवं अंतरण

24. Teachers should study the errors of their students as they often indicate the

(1) extent of their knowledge

(2) remedial strategies needed

(3) pathways for ability grouping

(4) need for differentiated curriculum

25. When previous learning makes no difference at all to the learning in a new situation, it is called

(1) Positive transfer of learning

(2) Negative transfer of learning

(3) Zero transfer of learning

(4) Absolute transfer of learning

26. According to Piaget's cognitive theory of learning, the process by which the cognitive structure is modified is called

(1) Assimilation

(2) Schema

(3) Perception

(4) Accommodation

27. According to theories of motivation, a teacher can enhance learning by

(1) not having any expectations from students

(2) setting extremely high expectations from students

(3) setting realistic expectations from students

(4) setting uniform standards of expectations

24. शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों की त्रुटियों का अध्ययन करना चाहिए क्योंकि वे प्रायः __________ की ओर संकेत करती हैं ।

(1) उनके ज्ञान की सीमा

(2) आवश्यक उपचारात्मक युक्तियों

(3) योग्यताओं के अनुसार समूह बनाने हेतु दिशा-निर्देश

(4) भिन्न प्रकार की पाठ्यचर्या की आवश्यकता

25. जब पूर्व का अधिगम नई स्थितियों के सीखने को बिल्कुल प्रभावित नहीं करता, तो यह __________ कहलाता है ।

(1) अधिगम का सकारात्मक स्थानांतरण

(2) अधिगम का नकारात्मक स्थानांतरण

(3) अधिगम का शून्य स्थानांतरण

(4) अधिगम का निरपेक्ष स्थानांतरण

26. पियाज़े के अधिगम के संज्ञानात्मक सिद्धांत के अनुसार, वह प्रक्रिया जिसके द्वारा संज्ञानात्मक संरचना को संशोधित किया जाता है, __________ कहलाती है ।

(1) समावेशन

(2) स्कीमा

(3) प्रत्यक्षण

(4) समायोजन

27. अभिप्रेरणा के सिद्धांतों के अनुसार, एक शिक्षक ______ के द्वारा सीखने को संवर्धित कर सकता है ।

(1) विद्यार्थियों से किसी प्रकार की अपेक्षाएँ न रखने

(2) विद्यार्थियों से बहुत उच्च अपेक्षाएँ रखने

(3) विद्यार्थियों से वास्तविक अपेक्षाएँ रखने

(4) अपेक्षाओं का एकरूप स्तर रखने

28. A teacher uses audio-visual aids and physical activities in her teaching because they

(1) provide a diversion to learners

(2) utilize maximum number of senses to enhance learning

(3) provide relief to the teacher

(4) facilitate effective assessment

28. एक शिक्षिका अपने शिक्षण में दृश्य-श्रव्य सामग्रियों और शारीरिक गतिविधियों का प्रयोग करती है क्योंकि

(1) वे शिक्षार्थियों को वैविध्य उपलब्ध कराते हैं

(2) इनमें अधिकतम इंद्रियों का उपयोग सीखने को संवर्द्धित करता है

(3) वे शिक्षक को आराम देते हैं

(4) वे प्रभावी आकलन को सुगम बनाते हैं

29. When a teacher involves a visually challenged learner in group activities with the other learners of the class, she is

(1) helping all the learners to develop sympathy towards the visually challenged learner

(2) likely to increase the stress on the visually challenged learner

(3) creating barriers to learning for the class

(4) acting according to the spirit of inclusive education

29. जब एक शिक्षिका दृष्टिबाधित शिक्षार्थी को कक्षा के अन्य शिक्षार्थियों के साथ सामूहिक गतिविधियों में शामिल करती है, तो वह

(1) सभी शिक्षार्थियों में दृष्टिबाधित शिक्षार्थी के प्रति सहानुभूति विकसित करने में मदद कर रही है

(2) दृष्टिबाधित शिक्षार्थी पर सम्भवतः तनाव बढ़ा रही है

(3) कक्षा के लिए सीखने हेतु बाधाएँ उत्पन्न कर रही है

(4) समावेशी शिक्षा की भावना के अनुसार कार्य कर रही है

30. Science and Art exhibitions, music and dance shows and bringing out school magazines, are meant to

(1) establish a name for the school

(2) satisfy the parents

(3) provide a creative channel for learners

(4) train students for various professions

30. विज्ञान एवं कला प्रदर्शनियाँ, संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियाँ तथा विद्यालय-पत्रिका निकालना, ______ के लिए हैं।

(1) विद्यालय का नाम रोशन करने

(2) अभिभावकों को संतुष्ट करने

(3) शिक्षार्थियों को सृजनात्मक मार्ग उपलब्ध कराने

(4) विभिन्न व्यवसायों के लिए विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने

| | |
|---|---|
| ***Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part II (Mathematics and Science) OR from Part III (Social Studies/Social Science).*** | ***परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग II (गणित व विज्ञान) या भाग III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।*** |

## PART II / भाग II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित व विज्ञान

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

**31.** $4 - (2 - 9)^0 + 3^2 \div 1 + 3$ is equal to

(1) 17

(2) 16

(3) 15

(4) 12

**32.** Which of the fractions is the least ?

(1) $\frac{24}{25}$

(2) $\frac{10}{11}$

(3) $\frac{99}{100}$

(4) $\frac{68}{69}$

**33.** When the number $3^{98}$ is divided by 5, the remainder is

(1) 1

(2) 2

(3) 3

(4) 4

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**31.** $4 - (2 - 9)^0 + 3^2 \div 1 + 3$ किसके बराबर है ?

(1) 17

(2) 16

(3) 15

(4) 12

**32.** निम्न में से कौन-सी भिन्न सबसे छोटी है ?

(1) $\frac{24}{25}$

(2) $\frac{10}{11}$

(3) $\frac{99}{100}$

(4) $\frac{68}{69}$

**33.** संख्या $3^{98}$ को 5 से भाग करने पर, शेष रहता है

(1) 1

(2) 2

(3) 3

(4) 4

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

34. Two positive numbers x and y are inversely proportional. If x increases by 10%, then y decreases by

(1) 10%

(2) $\frac{2}{11}\%$

(3) $\frac{100}{11}\%$

(4) $\frac{10}{11}\%$

35. How many times will I be writing 2 if I wrote down numbers from 11 to 199 ?

(1) 36

(2) 37

(3) 38

(4) 39

36. The expression $x^2 - y^2 + x + y - z^2 + 2yz - z$ has one factor, which is

(1) $y - x + z$

(2) $x - y + z + 1$

(3) $x + y - z + 1$

(4) $x - y - z + 1$

34. दो धनात्मक संख्याएँ x और y व्युत्क्रमानुपाती हैं । यदि x में 10% की वृद्धि होती है, तब y में कमी होगी

(1) 10%

(2) $\frac{2}{11}\%$

(3) $\frac{100}{11}\%$

(4) $\frac{10}{11}\%$

35. यदि मैंने संख्याएँ 11 से 199 लिखी हों, तो मैंने कितनी बार 2 लिखा है ?

(1) 36

(2) 37

(3) 38

(4) 39

36. व्यंजक $x^2 - y^2 + x + y - z^2 + 2yz - z$ का एक गुणनखंड है

(1) $y - x + z$

(2) $x - y + z + 1$

(3) $x + y - z + 1$

(4) $x - y - z + 1$

37. Given n numbers, n > 1, of which, one is $1 - \frac{1}{n}$ and all others are 1's. The mean of the n numbers is

(1) 1

(2) $n - \frac{1}{n^2}$

(3) $n - \frac{1}{n}$

(4) $1 - \frac{1}{n^2}$

38. Shown here are expressions given to Seema, Anees, Asha and Tessy with their answers.

Seema : $4 \times 1 + 8 \div 2 = 8$

Anees : $6 + 4 \div 2 - 1 = 4$

Asha : $9 + 3 \times 2 - 4 \div 2 = 10$

Tessy : $27 \div 3 - 2 \times 3 = 21$

Who has got the correct answer ?

(1) Seema

(2) Anees

(3) Asha

(4) Tessy

39. If $A = \frac{3}{4} \div \frac{5}{6}$,

$B = 3 \div [(4 \div 5) \div 6]$

$C = [3 \div (4 \div 5)] \div 6$ and

$D = 3 \div 4\,(5 \div 6)$ then

(1) A and B are equal

(2) A and C are equal

(3) A and D are equal

(4) All are equal

37. n संख्याएँ दी गई हैं, जहाँ n > 1 है, और जिनमें से एक संख्या $1 - \frac{1}{n}$ है तथा शेष सभी 1 ही हैं । इन n संख्याओं का माध्य है

(1) 1

(2) $n - \frac{1}{n^2}$

(3) $n - \frac{1}{n}$

(4) $1 - \frac{1}{n^2}$

38. सीमा, अनीस, आशा और टेसी को जो व्यंजक दिए गए हैं वे नीचे उनके उत्तर सहित दर्शाए गए हैं ।

सीमा : $4 \times 1 + 8 \div 2 = 8$

अनीस : $6 + 4 \div 2 - 1 = 4$

आशा : $9 + 3 \times 2 - 4 \div 2 = 10$

टेसी : $27 \div 3 - 2 \times 3 = 21$

इनमें से किसने सही उत्तर प्राप्त किया है ?

(1) सीमा

(2) अनीस

(3) आशा

(4) टेसी

39. यदि $A - \frac{3}{4} \div \frac{5}{6}$,

$B = 3 \div [(4 \div 5) \div 6]$

$C = [3 \div (4 \div 5)] \div 6$ तथा

$D = 3 \div 4\,(5 \div 6)$ हो, तो

(1) A और B बराबर हैं

(2) A और C बराबर हैं

(3) A और D बराबर हैं

(4) सभी बराबर हैं

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

40. Given the numbers $3{\cdot}75 \times 10^{-7}$, $3\frac{3}{4} \times 10^{-7}$, $375 \times 10^{-9}$ and $\frac{3}{8} \times 10^{-7}$. Which of these is ***not*** equal to 0·000000375 ?

(1) $3{\cdot}75 \times 10^{-7}$

(2) $3\frac{3}{4} \times 10^{-7}$

(3) $375 \times 10^{-9}$

(4) $\frac{3}{8} \times 10^{-7}$

41. The diameter of a cylindrical jar is increased by 25%. By what percent must the height of the jar be decreased so that there is no change in its volume ?

(1) 10

(2) 25

(3) 36

(4) 54

42. In the figure, ABC is an isosceles triangle with CA = CB and BC is produced to a point D. If CE ⊥ BC, such that

$$\angle D = \frac{1}{2} \angle E = \frac{1}{2} \angle A,$$

then measure of ∠ ACD is




(1) 110°

(2) 120°

(3) 135°

(4) 140°

40. संख्याएँ $3{\cdot}75 \times 10^{-7}$, $3\frac{3}{4} \times 10^{-7}$, $375 \times 10^{-9}$ और $\frac{3}{8} \times 10^{-7}$ दी गई हैं । इनमें से कौन-सी संख्या 0·000000375 के बराबर ***नहीं*** है ?

(1) $3{\cdot}75 \times 10^{-7}$

(2) $3\frac{3}{4} \times 10^{-7}$

(3) $375 \times 10^{-9}$

(4) $\frac{3}{8} \times 10^{-7}$

41. एक बेलनाकार जार के व्यास में 25% की वृद्धि की गई है । इस जार की ऊँचाई कितने प्रतिशत कम की जाए ताकि इसके आयतन में कोई बदलाव न हो ?

(1) 10

(2) 25

(3) 36

(4) 54

42. आकृति में, ABC एक समद्विबाहु त्रिभुज है, जिसमें CA = CB तथा BC को एक बिन्दु D तक बढ़ाया गया है । यदि CE ⊥ BC, इस प्रकार है कि

$$\angle D = \frac{1}{2} \angle E = \frac{1}{2} \angle A$$

है, तो ∠ ACD की माप है




(1) 110°

(2) 120°

(3) 135°

(4) 140°

**43.** A large basket of fruits contains 3 oranges, 2 apples and 5 bananas. If a piece of fruit is chosen at random, what is the probability of getting an orange or a banana ?

(1) $\frac{4}{5}$

(2) $\frac{1}{2}$

(3) $\frac{7}{8}$

(4) $\frac{1}{5}$

**44.** The symbol , drawn to any size means a + 4, and the symbol , drawn to any size means $b^2$, where a and b are numbers. Then the value of



is

(1) 75

(2) 35

(3) 32

(4) 9

**45.** If $xy = 6$ and $x^2y + xy^2 + x + y = 63$, then the value of $x^2 + y^2$ is

(1) 23

(2) 55

(3) 61

(4) 69

**43.** एक फलों की बड़ी टोकरी में 3 संतरे, 2 सेब और 5 केले हैं । इनमें से यदि एक फल का यादृच्छिक रूप से चयन किया जाता है, तो इसके एक संतरे या एक केले होने की प्रायिकता क्या होगी ?

(1) $\frac{4}{5}$

(2) $\frac{1}{2}$

(3) $\frac{7}{8}$

(4) $\frac{1}{5}$

**44.** संकेतन , चाहे वह किसी भी आकार का हो, का मतलब a + 4, तथा संकेतन , चाहे वह किसी भी आकार का हो, का मतलब $b^2$ है, जहाँ a और b संख्याएँ हैं । तब



का मान है

(1) 75

(2) 35

(3) 32

(4) 9

**45.** यदि $xy = 6$ और $x^2y + xy^2 + x + y = 63$ हो, तो $x^2 + y^2$ का मान है

(1) 23

(2) 55

(3) 61

(4) 69

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**46.** The mean of the median, mode and range of the observations

6, 6, 9, 14, 8, 9, 9, 8

is

(1) 8·5

(2) 8·8

(3) 10·3

(4) 10·5

**46.** प्रेक्षणों 6, 6, 9, 14, 8, 9, 9, 8 के मध्यांक, बहुलांक तथा प्रसार का माध्य है

(1) 8·5

(2) 8·8

(3) 10·3

(4) 10·5

**47.** According to the given graph, between which two consecutive months was the change in the auto sales the greatest ?




(1) January – February

(2) February – March

(3) April – May

(4) May – June

**47.** दिए गए आलेख के अनुसार, किन दो क्रमागत महीनों में, ऑटो सेल्स (ऑटो बिक्री) में बदलाव सबसे अधिक था ?




(1) जनवरी – फरवरी

(2) फरवरी – मार्च

(3) अप्रैल – मई

(4) मई – जून

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**48.** In the figure, in triangles PQR and TQR, PQ = TR and PR = TQ. Which of the following statements is true ?




(1) $\Delta$ PQR $\cong$ $\Delta$ TRQ

(2) $\Delta$ PQR $\cong$ $\Delta$ TQR

(3) $\Delta$ PQR $\cong$ $\Delta$ RQT

(4) $\Delta$ PQR $\cong$ $\Delta$ QTR

**49.** The least number which is a perfect square and is also divisible by 10, 12, 15 and 18 is

(1) 3600

(2) 2500

(3) 1600

(4) 900

**50.** How many lines of symmetry does a parallelogram have ?

(1) 3

(2) 2

(3) None

(4) 4

**48.** आकृति में, त्रिभुजों PQR और TQR में, PQ = TR और PR = TQ हैं । निम्न में से कौन-सा कथन सही है ?




(1) $\Delta$ PQR $\cong$ $\Delta$ TRQ

(2) $\Delta$ PQR $\cong$ $\Delta$ TQR

(3) $\Delta$ PQR $\cong$ $\Delta$ RQT

(4) $\Delta$ PQR $\cong$ $\Delta$ QTR

**49.** वह छोटी से छोटी संख्या, जो पूर्ण वर्ग हो तथा 10, 12, 15 और 18 से भी विभाज्य हो, है

(1) 3600

(2) 2500

(3) 1600

(4) 900

**50.** एक समांतर चतुर्भुज की कितनी सममिति रेखाएँ हैं ?

(1) 3

(2) 2

(3) कोई नहीं

(4) 4

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

51. Ankur got zero marks in a word problem on linear equations in an assessment. The teacher knows that he can solve linear equations correctly. The teacher ought to remark in his report

(1) Ankur is not studying and practising at home

(2) Ankur has not understood the concept of linear equations completely

(3) Ankur has a problem in comprehending the language of the question, though he can solve the equations

(4) Ankur lacks concentration and hence has examination phobia

52. A suitable approach to introduce Coordinate Geometry in Class IX is through the use of

(1) Lecture method

(2) Role play

(3) Demonstration using technology integration

(4) Solving problems

53. Summative Assessment of the unit 'Mensuration' can be done through

(1) Project work

(2) Maths Lab activity

(3) Paper-pencil test

(4) ICT activity

51. अंकुर को परीक्षा में रैखिक समीकरणों पर आधारित शब्दों में दी गई समस्या में शून्य अंक मिलता है । शिक्षक जानता है कि वह रैखिक समीकरणों को सही तरीके से हल कर सकता है । शिक्षक ने उसकी रिपोर्ट में टिप्पणी लिखनी चाहिए

(1) अंकुर घर पर न तो पढ़ता है और न ही अभ्यास करता है

(2) अंकुर को रैखिक समीकरणों की संकल्पना पूरी तरह से समझ में नहीं आई है

(3) अंकुर को प्रश्न की भाषा समझने में कठिनाई होती है, लेकिन उसके पास समीकरणों को हल करने का कौशल है

(4) अंकुर में एकाग्रता की कमी है जिसकी वजह से उसमें परीक्षा का भय है

52. कक्षा IX में निर्देशांक ज्यामिति परिचय कराने के लिए उपयुक्त उपागम है

(1) व्याख्यान पद्धति

(2) भूमिका निर्वाह (रोल प्ले)

(3) प्रौद्योगिकी समाकलन का उपयोग करते हुए निदर्शन

(4) समस्या समाधान

53. 'क्षेत्रमिति' इकाई का योगात्मक आकलन ________ के द्वारा किया जा सकता है ।

(1) परियोजना कार्य

(2) गणित प्रयोगशाला गतिविधि

(3) पेपर-पेंसिल परीक्षा

(4) आई.सी.टी. गतिविधि

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

54. While solving a problem based on 'Pythagoras theorem', a teacher draws the following triangle ABC.



Rajan argued that the triangle ABC is not drawn correctly. The only way to draw it is



Rajan has the misconception as

(1) he is weak in geometrical concepts

(2) his teacher must have always drawn the triangle in this particular way

(3) he has dysgraphia

(4) he lacks in analytical ability

55. In order to help the students with difficulties in remembering the geometrical terms and their meaning, a teacher must

(1) stress on rote memorization of all terms and definitions

(2) use lots of activities like preparing or solving crossword puzzles, jig-saw puzzles, etc.

(3) test students on definition of geometrical terms

(4) encourage group discussions

54. 'पाइथागोरस थ्योरम' पर आधारित सवाल को हल करते समय एक शिक्षक निम्नलिखित त्रिभुज ABC बनाती है ।



राजन यह तर्क करता है कि त्रिभुज ABC सही तरीके से नहीं बनाया गया है । इसे बनाने का सही तरीका है



राजन की ग़लत धारणा इसलिए है क्योंकि

(1) वह ज्यामितीय संकल्पनाओं में कमज़ोर है

(2) उसके शिक्षक ने हमेशा इसी तरह त्रिभुज बनाया होगा

(3) वह लेखन-अक्षमता (डिस्ग्राफ़िया) से ग्रस्त है

(4) उसमें विश्लेषणात्मक क्षमता नहीं है

55. जिन विद्यार्थियों को ज्यामितीय शब्दावली और उनके अर्थ समझने में कठिनाई होती है उनकी सहायता करने के लिए शिक्षक को

(1) समस्त शब्दावली और परिभाषाओं को रटकर याद करने पर बल देना चाहिए

(2) अधिक-से-अधिक गतिविधियों का प्रयोग करना चाहिए, जैसे — वर्ग पहेली (क्रॉसवर्ड पज़ल्स), जिग-सॉ पहेली, आदि बनाना या हल करना

(3) ज्यामितीय शब्दावली की परिभाषा पर विद्यार्थियों की परीक्षा लेनी चाहिए

(4) समूह चर्चाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

56. While teaching ratio and proportion, Ms. Rama demonstrated some computer operations on the screen — 'copy and paste' and 'copy and enlarge' or 'copy and reduce'. This activity may be

(1) pre-content activity to introduce ratio

(2) post-content activity

(3) formative assessment activity

(4) fun activity to pass time

56. अनुपात और समानुपात पढ़ाते समय, सुश्री रमा स्क्रीन पर कुछ कम्प्यूटर संक्रियाएँ प्रदर्शित करती हैं — 'कॉपी एंड पेस्ट' तथा 'कॉपी एंड एनलार्ज' या 'कॉपी एंड रिड्यूस'। यह गतिविधि हो सकती है

(1) अनुपात को प्रस्तुत करने के लिए विषय-वस्तु-पूर्व गतिविधि

(2) विषय-वस्तु-पश्च गतिविधि

(3) रूपात्मक आकलन गतिविधि

(4) समय व्यतीत करने के लिए मज़ेदार गतिविधि

57. A student observed the following examples :

$$(10)^2 = (5 + 5)^2 = 5^2 + 2(5)(5) + (5)^2 = 100$$
$$= (6 + 4)^2 = 6^2 + 2(6)(4) + (4)^2 = 100$$
$$= (8 + 2)^2 = 8^2 + 2(8)(2) + (2)^2 = 100$$
$$= (1 + 9)^2 = 1^2 + 2(1)(9) + (9)^2 = 100$$

and concluded that

$$(a + b)^2 = a^2 + 2(a)(b) + b^2.$$

The above method of drawing conclusions is

(1) Deductive

(2) Inductive

(3) Analytical

(4) Activity

57. एक विद्यार्थी निम्नलिखित उदाहरणों का अवलोकन करता है :

$$(10)^2 = (5 + 5)^2 = 5^2 + 2(5)(5) + (5)^2 = 100$$
$$= (6 + 4)^2 = 6^2 + 2(6)(4) + (4)^2 = 100$$
$$= (8 + 2)^2 = 8^2 + 2(8)(2) + (2)^2 = 100$$
$$= (1 + 9)^2 = 1^2 + 2(1)(9) + (9)^2 = 100$$

और निष्कर्ष निकालता है

$$(a + b)^2 = a^2 + 2(a)(b) + b^2.$$

निष्कर्ष निकालने की उपर्युक्त पद्धति है

(1) निगमनात्मक

(2) आगमनात्मक

(3) विश्लेषणात्मक

(4) गतिविधि

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

58. Mr. Manish used lots of manipulatives, Maths Lab activities and ICT activities to clarify the concept of 'Symmetry'. Mr. Manish wants to

(1) cater to students of all learning styles

(2) be popular amongst his students

(3) pass time so that he can avoid teaching of next topic, as it is not of his interest

(4) cater to kinesthetic learners only

59. Problem solving method is the

(1) gradual and systematic guiding through the hierarchy of mathematical notions, ideas and techniques

(2) teaching of mathematical results, definitions and concepts by repetition and memorization

(3) teaching the development of mathematics within a historical, social and cultural context

(4) cultivation of mathematical ingenuity, creativity and heuristic thinking by making students open-minded

60. Salman solves $-3 - 4 = +7$. The error is committed as

(1) Salman is careless

(2) Salman is not clear about the concept of addition of integers

(3) Salman needs to practise solving problems of similar type

(4) Salman has not understood the concept of multiplication of integers

58. श्री मनीष 'सममिति' की संकल्पना को स्पष्ट करने के लिए बहुत सारे हस्तचालनों (मैनीप्यूलेटिव्स), गणित प्रयोगशाला गतिविधियों तथा आई.सी.टी. गतिविधियों का प्रयोग करते हैं । श्री मनीष

(1) सभी अधिगम शैलियों वाले विद्यार्थियों को संतुष्ट करना चाहते हैं

(2) अपने विद्यार्थियों में प्रसिद्ध होना चाहते हैं

(3) समय व्यतीत करना चाहते हैं ताकि वे अगले प्रकरण पढ़ाने से बच सकें, जो उनकी रुचि का नहीं है

(4) केवल गतिबोधक शिक्षार्थियों को संतुष्ट करना चाहते हैं

59. समस्या-समाधान पद्धति है

(1) गणितीय बोध/भाव, विचारों और तकनीकों के पदानुक्रमिकता के माध्यम से क्रमिक तथा व्यवस्थित दिशा-निर्देश

(2) पुनरावृत्ति और स्मरण के द्वारा गणितीय निष्कर्षों, परिभाषाओं तथा संकल्पनाओं को पढ़ाना

(3) गणित के विकास को ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ में पढ़ाना

(4) विद्यार्थियों को खुली समझ वाला बनाते हुए उनमें गणितीय प्रवीणता, सृजनात्मकता और खोजपरक (अन्वेषणात्मक) चिंतन विकसित करना

60. सलमान $-3 - 4 = +7$ को हल करता है । की गई त्रुटि का कारण है

(1) सलमान लापरवाह है

(2) सलमान को पूर्णांकों के योगफल की संकल्पना स्पष्ट नहीं है

(3) सलमान को समान प्रकार की समस्याओं को हल करने के अभ्यास की आवश्यकता है

(4) सलमान को पूर्णांकों के गुणनफल की संकल्पना समझ में नहीं आई है

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**61.** The following observations were made by students A, B, C and D when they rubbed solid baking soda on dry litmus paper :

| *Student* | *Effect on dry red litmus paper* | *Effect on dry blue litmus paper* |
|---|---|---|
| A | Colour changed to blue | No change |
| B | No change | Colour changed to red |
| C | Colour changed to blue | Colour changed to red |
| D | No change | No change |

The correct observation was made by the student

(1) A

(2) B

(3) C

(4) D

**62.** A laboratory thermometer shows five small divisions between the markings of 55°C and 56°C. This means that the thermometer can read correctly up to

(1) 55·1°C

(2) 55·5°C

(3) 55·2°C

(4) 55·25°C

**63.** Which of the following group of words can be correctly identified with *Rhizobium* ?

(1) Root nodules, pitcher plant, nitrogen deficient soil

(2) Nitrogen fixation, root nodules, leguminous plants

(3) Roots of legumes, parasite, soluble nitrogen compounds

(4) Leguminous plants, symbiotic, stem nodes

**61.** विद्यार्थियों A, B, C तथा D ने जब सूखे लिटमस पत्र पर ठोस बेकिंग सोडा (खाने का सोडा) रगड़ा, तो उन्होंने निम्नलिखित अवलोकन किए :

| *विद्यार्थी* | *सूखे लाल लिटमस पत्र पर प्रभाव* | *सूखे नीले लिटमस पत्र पर प्रभाव* |
|---|---|---|
| A | नीले रंग में बदल जाता है | कोई बदलाव नहीं |
| B | कोई बदलाव नहीं | लाल रंग में बदल जाता है |
| C | नीले रंग में बदल जाता है | लाल रंग में बदल जाता है |
| D | कोई बदलाव नहीं | कोई बदलाव नहीं |

किस विद्यार्थी द्वारा किया गया अवलोकन सही है ?

(1) A

(2) B

(3) C

(4) D

**62.** एक प्रयोगशाला तापमापी (थर्मामीटर) 55°C और 56°C के बीच पाँच छोटे विभाजन प्रदर्शित करता है । इसका तात्पर्य है कि तापमापी ________ तक उचित रूप में पढ़ा जा सकता है ।

(1) 55·1°C

(2) 55·5°C

(3) 55·2°C

(4) 55·25°C

**63.** निम्नलिखित में से कौन-से शब्द-समूह को *राइज़ोबियम* के साथ सही रूप से पहचाना जा सकता है ?

(1) जड़ों की ग्रंथियाँ, घटपर्णी, नाइट्रोजन की कमी वाली मृदा

(2) नाइट्रोजन स्थिरीकरण, जड़ों की ग्रंथियाँ, फलीदार पादप

(3) फलीदार पादपों की जड़ें, परजीवी, विलयशील नाइट्रोजन यौगिक

(4) फलीदार पादप, सहजीवी, तने की ग्रंथि

64. When carbon dioxide is passed through clear lime water solution, it turns milky. The milky appearance of lime water is due to

(1) presence of impurities in lime water

(2) presence of insoluble calcium carbonate

(3) presence of soluble calcium carbonate

(4) curdling of milk due to lime in lime water

65. When electric current is passed through a metallic conductor, amount of heat produced in the conductor depends on its

(1) material and length only

(2) length and thickness only

(3) material and thickness only

(4) material, length and thickness

66. PET bottles and jars are commonly used for storing edible items. PET is a very familiar form of

(1) Polyester

(2) Acrylic

(3) Rayon

(4) Polyamide

67. The minerals that are required in the right amount for proper functioning of muscles are

(1) Iron and calcium

(2) Sodium and potassium

(3) Iodine and fluorine

(4) Iron and iodine

68. Antibiotics are effective against

(1) Dengue Fever

(2) Cholera

(3) Influenza

(4) Hepatitis A

64. जब कार्बन डाइऑक्साइड ताज़े चूने के पानी के विलयन में से गुज़रती है तो चूने का पानी दूधिया हो जाता है । चूने के पानी का दूधियापन __________ के कारण दिखाई देता है ।

(1) चूने के पानी में उपस्थित अपद्रव्यों (गंदगी)

(2) अविलेयशील कैल्शियम कार्बोनेट की उपस्थिति

(3) विलेयशील कैल्शियम कार्बोनेट की उपस्थिति

(4) चूने के पानी में चूने के कारण दूध का थक्का

65. जब धात्विक चालक में विद्युत् धारा प्रवाहित होती है, तो चालक में उत्पादित ऊष्मा की मात्रा इसके __________ पर निर्भर करती है ।

(1) केवल पदार्थ और लंबाई

(2) केवल लंबाई और मोटाई

(3) केवल पदार्थ और मोटाई

(4) पदार्थ, लंबाई और मोटाई

66. आमतौर पर खाद्य सामग्री को रखने के लिए पैट (PET) बोतलों और जारों का प्रयोग किया जाता है । पैट (PET) __________ का सुपरिचित प्रकार है ।

(1) पॉलिएस्टर

(2) ऐक्रिलिक

(3) रेयॉन (कृत्रिम रेशा)

(4) पॉलिऐमाइड

67. मांसपेशियों की सुचारु क्रिया के लिए ________ खनिजों की पर्याप्त मात्रा में आवश्यकता होती है ।

(1) लौह एवं कैल्शियम

(2) सोडियम एवं पोटैशियम

(3) आयोडीन एवं फ़्लुओरीन

(4) लौह एवं आयोडीन

68. प्रतिजैविक ________ के उपचार में प्रभावी हैं ।

(1) डेंगू बुखार

(2) हैजा

(3) इंफ्लुऐंज़ा

(4) हैपेटाइटिस A

69. When CNG or LPG undergoes complete combustion, the products formed are

(1) $CO_2$ only

(2) $CO_2$, CO and $H_2O$

(3) $CO_2$ and $H_2O$

(4) $CO_2$, $SO_2$ and $H_2O$

70. The smallest of living organisms with cell wall are

(1) Cyanobacteria

(2) Bacteria

(3) Yeast

(4) Algae

71. The process of converting sugars into alcohols is known as

(1) Homogenization

(2) Fermentation

(3) Pasteurization

(4) Sterilization

72. The SI unit of calorific value is

(1) KJ/kg

(2) Calorie

(3) J/kg

(4) Kilocalorie/kg

73. Given below are a few chemical processes :

a. Rusting of iron

b. Burning of a candle

c. Respiration

d. Photosynthesis

Which two of these represent slow combustion ?

(1) b and c

(2) b and d

(3) d and a

(4) a and c

69. जब सी.एन.जी. या एल.पी.जी. का पूर्ण दहन होता है, तब उत्पाद बनते हैं

(1) केवल $CO_2$

(2) $CO_2$, CO एवं $H_2O$

(3) $CO_2$ एवं $H_2O$

(4) $CO_2$, $SO_2$ एवं $H_2O$

70. कोशिका भित्ति वाला सबसे छोटा सजीव जीव है

(1) सायनोबैक्टीरिया

(2) जीवाणु

(3) यीस्ट

(4) शैवाल

71. शर्करा को ऐल्कोहल में परिवर्तित करने की प्रक्रिया ____________ के नाम से जानी जाती है ।

(1) समांगीकरण

(2) किण्वन

(3) पाश्चुरीकरण

(4) जीवाणुनाशन

72. ऊष्मीय मान की एस.आई. इकाई है

(1) किलोजूल प्रति किलोग्राम (KJ/kg)

(2) कैलोरी (Calorie)

(3) जूल प्रति किलोग्राम (J/kg)

(4) किलोकैलोरी प्रति किलोग्राम (Kilocalorie/kg)

73. नीचे कुछ रासायनिक प्रक्रियाएँ दी गई हैं :

a. लोहे पर जंग लगना

b. मोमबत्ती का जलना

c. श्वसन

d. प्रकाश-संश्लेषण

इनमें से कौन-से दो धीमे दहन को दर्शाते हैं ?

(1) b और c

(2) b और d

(3) d और a

(4) a और c

**74.** Which one of the following man-made fibres is also called artificial silk ?

(1) Nylon

(2) Rayon

(3) Acrylic

(4) Polyester

**75.** If the frequency of vibrations of a body is decreased and its amplitude is increased, then

(1) both pitch and loudness of sound produced will decrease

(2) both pitch and loudness of sound produced will increase

(3) pitch increases but loudness decreases

(4) pitch decreases but loudness increases

**76.** The dietary fibres are

(1) also called roughage

(2) made up of cellulose and proteins

(3) made up of collagen fibres

(4) made up of proteins

**77.** Which of the following statements related to earthquakes is ***not*** correct ?

(1) The Richter Scale is not linear but logarithmic.

(2) The seismic waves originate from focus.

(3) The record of the seismic waves is called seismograph.

(4) The seismograph records the seismogram.

**78.** The gas which forms carboxy-haemoglobin in the blood, causing suffocation is

(1) Carbon dioxide

(2) Chlorofluorocarbon

(3) Carbon monoxide

(4) Nitrogen

**74.** निम्नलिखित मानव-निर्मित रेशों में से कौन-सा कृत्रिम रेशम कहलाता है ?

(1) नाइलॉन

(2) रेयॉन

(3) ऐक्रिलिक

(4) पॉलिएस्टर

**75.** यदि किसी वस्तु की कंपनों की आवृत्ति घटती है और उसका आयाम बढ़ता है, तब

(1) उत्पादित ध्वनि का तारत्व और प्रबलता दोनों घटते हैं

(2) उत्पादित ध्वनि का तारत्व और प्रबलता दोनों बढ़ते हैं

(3) तारत्व बढ़ता है लेकिन प्रबलता घटती है

(4) तारत्व घटता है लेकिन प्रबलता बढ़ती है

**76.** आहारी रेशे

(1) रूक्षांश भी कहलाते हैं

(2) सेलूलोज़ और प्रोटीनों से बनते हैं

(3) कोलैजन रेशों से बनते हैं

(4) प्रोटीनों से बनते हैं

**77.** भूकंपों से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(1) रिक्टर पैमाना रैखिक नहीं बल्कि लघुगणकीय है ।

(2) भूकंपी तरंगें केंद्र से उत्पन्न होती हैं ।

(3) भूकंपी तरंगों का रिकॉर्ड भूकंप-लेखी (सीस्मोग्राफ) कहलाता है ।

(4) भूकंप-लेखी (सीस्मोग्राफ) भूकंप अभिलेख (सीस्मोग्राम) का रिकॉर्ड रखता है ।

**78.** वह गैस जो रक्त में कार्बोक्सी-हीमोग्लोबिन बनाती है, जिससे दम घुटता है, है

(1) कार्बन डाइऑक्साइड

(2) क्लोरोफ्लुओरोकार्बन

(3) कार्बन मोनोक्साइड

(4) नाइट्रोजन

79. The gases present in atmosphere that cause greenhouse effect are

(1) Carbon dioxide, sulphur dioxide, methane

(2) Nitrous oxide, oxygen, water vapour

(3) Methane, water vapour, carbon dioxide

(4) Carbon dioxide, oxygen, nitrogen

80. In order to determine acidic, basic or neutral character of solutions, a student tabulated the following results after experimentation. Which of the following observations has been tabulated correctly ?

| *Case* | *Test Solution* | *Colour change on red litmus paper* | *Colour change on blue litmus paper* | *Acidic / Basic / Neutral* |
|---|---|---|---|---|
| A | NaCl | No change | Red | Acidic |
| B | Lime water | Blue | No change | Neutral |
| C | Vinegar | No change | No change | Neutral |
| D | Washing soda | Blue | No change | Basic |

(1) A

(2) B

(3) C

(4) D

79. वायुमंडल में उपस्थित गैसें जो पौधाघर प्रभाव का कारण हैं

(1) कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, मेथैन

(2) नाइट्रस ऑक्साइड, ऑक्सीजन, जल-वाष्प

(3) मेथैन, जल-वाष्प, कार्बन डाइऑक्साइड

(4) कार्बन डाइऑक्साइड, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन

80. विलयनों के अम्लीय, क्षारीय या उदासीन प्रकृति का निर्धारण करने के लिए, एक विद्यार्थी परीक्षण के बाद निम्नलिखित परिणाम सारणी बनाता है । निम्नलिखित अवलोकनों में से सही रूप में सरणीकृत अवलोकन कौन-सा है ?

| केस | *परीक्षण विलयन* | *लाल लिटमस पत्र पर रंग में परिवर्तन* | *नीले लिटमस पत्र पर रंग में परिवर्तन* | *अम्लीय/ क्षारकीय/ उदासीन* |
|---|---|---|---|---|
| A | NaCl | कोई परिवतर्न नहीं | लाल | अम्लीय |
| B | चूने का पानी | नीला | कोई परिवतर्न नहीं | उदासीन |
| C | सिरका | कोई परिर्तन नहीं | कोई परिवतर्न नहीं | उदासीन |
| D | कपड़े धोने का सोडा | नीला | कोई परिवतर्न नहीं | क्षारकीय |

(1) A

(2) B

(3) C

(4) D

81. A Science teacher is interested to focus more on acquisition of process skills by the learners. Which of the following combination of methods of teaching should be preferred by her to achieve the objectives ?

(1) Assignment-cum-questioning method

(2) Lecture-cum-discussion method

(3) Project-cum-laboratory method

(4) Lecture-cum-demonstration method

82. Which one of the following is most suited to the development of scientific skills in students ?

(1) Conducting Science quiz

(2) Organizing a field visit

(3) Conducting Science Olympiads

(4) Performing laboratory work

***Directions :** Read the poem given below and answer the questions that follow (Q. No. 100 – 105) by selecting the **most appropriate** option.*

**I Build Walls**

I build walls:
Walls that protect,
Walls that shield,
Walls that say I shall not yield
Or reveal
Who I am or how I feel.

I build walls:
Walls that hide,
Walls that cover what's inside,
Walls that stare or smile or look away,
Silent lies,
Walls that even block my eyes
From the tears I might have cried.

I build walls:
Walls that never let me
Truly touch
Those I love so very much.
Walls that need to fall !
Walls meant to be fortresses
Are prisons after all.

**100.** What are the walls in this poem made of ?

(1) Bricks or any physical material

(2) Cement and tiles

(3) Blood and flesh

(4) Hidden feelings and thoughts

**101.** The poet uses "walls" as a

(1) Simile

(2) Personification

(3) Metaphor

(4) Alliteration

**102.** When walls act as a protection, they

(1) do not reveal what is inside

(2) make one shed tears

(3) touch the ones who are truly loved

(4) surrender to strong feelings

**103.** The expression 'silent lies' in the second stanza implies that

(1) walls are silent

(2) walls are liars

(3) walls make one hide one's true feelings

(4) walls lie silently around all of us

**104.** Why is it not a good idea to have these "walls" ?

(1) They act as a fortress.

(2) They act as a prison and keep loved ones away.

(3) They are made of bricks.

(4) They hurt others.

**105.** Walls built to protect us ultimately turn into a prison. It is an example of a

(1) satire

(2) paradox

(3) puzzle

(4) riddle

***Directions** : Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**106.** Constructivist approach to language teaching expects the teacher to

(1) construct his own curriculum

(2) make learners prepare their own textbooks

(3) help construct knowledge using their experiences

(4) give pre-constructed knowledge to learners

**107.** A child-centred classroom is characterized by

(1) children sitting in the centre of the classroom

(2) children teaching other children under the supervision of the teacher

(3) very passive teachers and active learners

(4) a variety of learning activities for the learners

**108.** Which of the following is ***not*** a legitimate purpose of assessment in education ?

(1) To identify individual and special needs of learners

(2) To improve the teaching-learning process

(3) To rank the learners on the basis of marks

(4) To find out to what extent curricular objectives have been achieved

**109.** When students learn a language for bright employment opportunities, their motivation is

(1) intrinsic

(2) exotic

(3) eccentric

(4) extrinsic

**110.** A teacher uses a report from a newspaper to teach writing. The material used thus for teaching is referred to as

(1) Realistic material

(2) Natural material

(3) Authentic material

(4) External material

**111.** When a test item expects the learners to use tense forms, voice, connectors, prepositions and articles accurately, such an approach can be called

(1) integrated grammar testing

(2) asserted grammar practice

(3) mixed grammar task

(4) improper grammar testing

**112.** Minimal pairs are usually used to give practice in

(1) vocabulary

(2) structures

(3) pronunciation

(4) reading

**113.** 'Prediction' as a subskill is associated with

(1) summarising

(2) note making

(3) reading

(4) drafting

**114.** A teacher gives many sentences and asks her students to arrange them into a letter using appropriate connectors. The skill that is chiefly involved in this task is

(1) expanding notes

(2) organizing

(3) rewriting

(4) collecting information

**115.** The language skills that ***cannot*** be assessed through a traditional pen-paper test are

(1) reading and speaking

(2) writing and listening

(3) reading and listening

(4) listening and speaking

**116.** Which of the following is ***not*** a study skill ?

(1) Note taking

(2) Using a dictionary

(3) Getting information from an encyclopaedia

(4) Writing formal reports

**117.** When a teacher uses lessons in Science and Social Science to teach language, such an approach can be termed as

(1) Pluralistic language teaching

(2) Discipline-wise language teaching

(3) Language across the curriculum

(4) Objective language teaching

**118.** Remedial teaching refers to teaching

(1) to address gaps in learning

(2) after the regular school hours

(3) to help bright learners to excel

(4) to test learners periodically

**119.** Language skills should be taught

(1) in isolation

(2) through clear explanations

(3) in an integrated manner

(4) through imitation

**120.** After reading a story on fish, if a teacher asks children to answer — "Imagine you are a fish in a pond. What do you see around you ?" This is an example of

(1) Cloze type question

(2) Open-ended question

(3) Multiple choice question

(4) Comprehension question

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for HINDI as LANGUAGE – I.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

# भाग IV
# भाषा I
# हिन्दी

*निर्देश : गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 91 से 99) में **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

क्या आपने कभी महसूस किया है कि किसी सवाल का सही उत्तर मिल जाने के बाद सिर्फ उकताहट के सिवा कुछ बाक़ी नहीं बचता । इसके बाद सारे रास्ते बंद से लगने लगते हैं । दूसरी ओर एक ग़लत जवाब उतना ही रोचक होता है जितना कोई रहस्यमय क़त्ल !

मुझे इस बात पर आश्चर्य होता है कि अपने अट्ठाईस वर्षों के अध्यापन के अनुभव में मैंने ग़लत उत्तरों से कितना कुछ सीखा है । अपनी ख़ुद की और अपने विद्यार्थियों, दोनों द्वारा की गई ग़लतियों से । अब जब भी कोई विद्यार्थी किसी प्रश्न का ग़लत उत्तर देता है तो मैं उससे सबसे पहले यह पूछता हूँ कि उसने ऐसा उत्तर क्या सोचकर दिया ?

कला-संकाय के छात्र अक्सर यह शिकायत करते हैं कि विज्ञान-संबंधी परीक्षाएँ उतनी रोमांचक नहीं होतीं – क्योंकि उनके प्रश्नों और उत्तरों का सही-सही अनुमान लगाया जा सकता है । यदि व्यक्ति को किसी प्रश्न को हल करने का तरीक़ा पहले से ही मालूम है तो उसके लिए कोई चुनौती नहीं बचती । यह सही है, भौतिक विज्ञान के शिक्षक बहुत कड़ी मेहनत करते हैं और सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनके विद्यार्थी सही उत्तर तक पहुँच पाएँ ।

हालाँकि यह भी अपनी जगह सच है कि भौतिक विज्ञान के शिक्षक के लिए सबसे मज़ेदार स्थिति तब पैदा होती है जब विद्यार्थी एक ऐसा ग़लत जवाब दे जिसमें ग़लती होते हुए भी कुछ सोचने के लिए मजबूर कर देने की क्षमता हो । यही वह स्थिति होती है जब भौतिकी के किसी पहलू पर पकड़ बनाने की कोशिश कर रहे विद्यार्थी के दिमाग़ की कशमकश को समझा जा सकता है ।

बहुत-से ग़लत जवाबों की तह में कुछ सही तथ्य और सोचने की शक्ति छुपी होती है । हो सकता है कि उत्तर देने वाला अपना तर्क सही न दे पाया हो, या शिक्षक द्वारा दी गई व्याख्या को सही प्रकार से न समझा गया हो, या फिर ऐसा भी हो सकता है कि जिस रूप में उसके समक्ष तथ्य प्रस्तुत किए गए उन्हीं में कोई कमी रह गई हो । हो सकता है कि भौतिक विज्ञान के सहज नियमों को समझने में ही कोई भूल हुई हो ।

**91.** ग़लत जवाब को रोचक क्यों कहा गया है ?

(1) ग़लत जवाब रोचक ही होते हैं

(2) ग़लत जवाब में बेतुकी बातें होती हैं

(3) ग़लत जवाब पर हँसने को मिलता है

(4) ग़लत जवाब प्रश्नकर्त्ता को सोचने के लिए प्रेरित कर सकते हैं

**92.** लेखक ने अपने और अपने विद्यार्थियों के ग़लत जवाब से क्या सीखा ?

(1) सवालों के सही जवाब

(2) लोगों के सोचने के तरीक़े अलग-अलग होते हैं

(3) ग़लत जवाब देने से रोमांच समाप्त हो जाता है

(4) लोग ग़लत जवाब देकर रोमांच महसूस करते हैं

**93.** कला-संकाय के छात्रों को विज्ञान की परीक्षाएँ उतनी रोमांचक नहीं लगती थीं, क्योंकि

(1) विज्ञान के सभी सवालों के जवाब सुनिश्चित हैं

(2) विज्ञान की परीक्षाओं में अच्छे सवाल नहीं होते थे

(3) विज्ञान की परीक्षाएँ अनुमान लगाने का अवसर नहीं देतीं क्योंकि उसके जवाब तयशुदा हैं

(4) विज्ञान की परीक्षाओं में चुनौतीपूर्ण प्रश्न होते हैं

**94.** अनुच्छेद के आधार पर इनमें से कौन-सा कथन ***ग़लत*** है ?

(1) भौतिक विज्ञान के शिक्षक बच्चों से सही जवाब चाहते थे

(2) भौतिक विज्ञान के शिक्षक सही उत्तर के लिए बहुत मेहनत करते थे

(3) ग़लत जवाब बच्चों के दिमाग़ में चल रही चिंतन प्रक्रिया को उजागर करने की कोशिश करते हैं

(4) ग़लत उत्तर से दिमाग़ में कशमकश होने लगती है

**95.** ग़लत जवाब का क्या कारण नहीं हो सकता ?

(1) तर्क का अभाव, तथ्यों की सही उपलब्धि

(2) समझ न आना

(3) व्याख्या को सही रूप में प्रस्तुत न करना

(4) नियमों में क़मियाँ

**96.** पाठ में मुख्य रूप से यह कहा गया है कि

(1) ग़लत जवाब बच्चों की चिंतन-प्रक्रिया को कुंद कर देते हैं

(2) ग़लत जवाब शिक्षकों को अच्छे लगते हैं

(3) ग़लत जवाब यह बताता है कि बच्चे के दिमाग़ में क्या चल रहा है

(4) ग़लत जवाब की मुख्य ज़िम्मेदारी बच्चे की है

**97.** 'विज्ञान' में 'इक' प्रत्यय लगाने से शब्द बनेगा

(1) विज्ञानिक

(2) वैज्ञानिक

(3) वेज्ञानिक

(4) विज्ञानीक

**98.** परीक्षा, प्रश्न, ग़लती शब्द के बहुवचन रूप हैं

(1) परीक्षाएँ, प्रश्नों, ग़लतियाँ

(2) परीक्षाओं, प्रश्नों, ग़लतियों

(3) परीक्षायें, प्रश्न, ग़लतियों

(4) परीक्षाएँ, प्रश्न, ग़लतियाँ

**99.** अपनी <u>ख़ुद</u> की और अपने विद्यार्थियों ....... वाक्य में रेखांकित सर्वनाम है

(1) पुरुषवाचक सर्वनाम

(2) संबंधवाचक सर्वनाम

(3) निजवाचक सर्वनाम

(4) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

***निर्देश :*** *कविता की पंक्तियाँ पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 100 से 105) में* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

नदी के उस पार जाने को
मेरा बहुत मन करता है माँ;
वहाँ कतार में
बँधी है नावें बाँस की खूँटियों से ।
उसी रास्ते दूर-दूर जाते हैं
हल जोतने किसान
कंधों पर हल रखे,
रँभाते हुए गाय-बैल
तैरकर जाते हैं उस पार
घास चरने
शाम को जब वे
लौटते हैं घर
ऊँची-ऊँची घास में छिपकर
हुक्के – हो करते हैं सियार ।

माँ तू बुरा न माने तो
बड़ा होकर मैं नाव खेने वाला
एक नाविक बनूँगा ।

**100.** इस कविता में कौन किसे संबोधित कर रहा है ?

(1) लेखक अपनी माँ को

(2) लेखक के रूप में एक बच्चा माँ को

(3) लेखक नाविक की माँ को

(4) कोई किसी को नहीं

**101.** लेखक नाविक क्यों बनना चाहता है ?

(1) वह नदी पार के सौंदर्य का आनंद उठाना चाहता है

(2) वह हल चलाना चाहता है

(3) वह नदी की यात्रा का मज़ा लेना चाहता है

(4) वह नाव चलाने संबंधी अपने शौक़ को पूरा करना चाहता है

**102.** नावों को बाँसों की खूँटियों से क्यों बाँधा गया होगा ?

(1) ताकि कोई दूसरा व्यक्ति नाव न ले आए

(2) नाविक ऐसा ही करते हैं

(3) कहीं लहरें नाव को बहाकर न ले जाएँ

(4) बाँसों की खूँटियाँ पानी में तैरती रहती हैं

**103.** 'माँ तू बुरा न माने तो' पंक्ति किस ओर संकेत नहीं करती ?

(1) लेखक माँ के संवेगों का ध्यान रखता है

(2) लेखक जानता है कि माँ उसे नाविक नहीं बनने देगी

(3) लेखक माँ की इच्छा के अनुसार कार्य करना चाहता है

(4) माँ को बुरा लग गया है

**104.** कविता में पुनरुक्त शब्द युग्म आए हैं

(1) दूर-दूर

(2) ऊँची-ऊँची

(3) दूर-दूर, ऊँची-ऊँची

(4) गाय-बैल

**105.** 'तैरकर जाते हैं उस पार' पंक्ति में 'तैरकर' शब्द को पहले रखा गया है क्योंकि

(1) वह क्रिया शब्द है

(2) कविता में क्रिया शब्द पहले आते हैं

(3) लेखक तैरने पर बल देना चाहता है

(4) लेखक तुक मिला रहा है

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

**106.** उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा-शिक्षण की प्रक्रिया में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है

(1) पाठों के शब्दों का अर्थ जानने के लिए शब्दकोश का प्रयोग करना

(2) समाचार-पत्र, पत्रिकाओं या अन्य भाषिक सामग्री में कही गई बात के निहितार्थ, सोच, सरोकार की पहचान करना

(3) पाठ्य-पुस्तक में दिए गए साहित्यिक अंशों की विस्तृत व्याख्या

(4) पठन-कौशल पर अधिक बल देना

**107.** भाषा के सतत और व्यापक मूल्यांकन का उद्देश्य है

(1) बच्चों की त्रुटियों की पहचान करना

(2) मूल्यांकन की परंपरा का निर्वाह करना

(3) बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को समझ कर उपयुक्त शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया अपनाना

(4) अगली कक्षा में प्रोन्नत करने हेतु साक्ष्य जुटाना

**108.** भाषा-अर्जन

(1) सहज, स्वाभाविक होता है

(2) प्रयासपूर्ण होता है

(3) शिक्षक की आवश्यक उपस्थिति की माँग करता है

(4) भाषा की कक्षा में ही संभव है

**109.** उच्च कक्षाओं में

(1) भाषा-कौशल साध्य हैं और साधन है — साहित्य

(2) भाषा की पाठ्य-पुस्तक अत्यंत महत्त्वपूर्ण है

(3) साहित्य साध्य है और भाषा-कौशल साधन

(4) केवल छन्द-अलंकारों को समझने के प्रयास करना ही भाषा-शिक्षण का उद्देश्य है

**110.** भाषा के संदर्भ में निदानात्मक परीक्षण का उद्देश्य है

(1) बच्चों को विभिन्न श्रेणियों में विभक्त करना

(2) बच्चों की भाषा-प्रयोग संबंधी कठिनाइयों के संभावित कारणों की पहचान करना

(3) बच्चों हेतु भाषा-प्रयोग के अवसर जुटाना

(4) बच्चों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करना

**111.** उपचारात्मक शिक्षण की सफलता मुख्यतः निर्भर करती है

(1) समस्याओं की पहचान पर

(2) समस्याओं के कारणों की सही पहचान पर

(3) बच्चों की समाज-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर

(4) बच्चों की भाषागत त्रुटियों की सूची बनाने पर

**112.** भाषा की पाठ्य-पुस्तक में ऐसे पाठ रखे जाएँ जो

(1) सरल भाषा से युक्त हों

(2) बच्चों के परिवेश से जुड़े हों

(3) केवल व्याकरणिक नियमों का ही अभ्यास कराते हों

(4) अत्यन्त छोटे हों

**113.** निम्नलिखित में से कौन-सा उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा शिक्षण का उद्देश्य ***नहीं*** है ?

(1) निजी अनुभवों के आधार पर भाषा का सृजनशील प्रयोग

(2) दूसरों के अनुभवों से जुड़ पाना और संदर्भों में चीज़ों को समझना

(3) सही रूप में समझना

(4) व्याकरण के नियमों को रटना

**114.** व्याकरण-शिक्षण के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है ?

(1) बच्चे परिवेश में उपलब्ध भाषिक प्रयोगों के आधार पर स्वयं भाषा के नियम बनाने की क्षमता रखते हैं

(2) व्याकरण-शिक्षण अत्यंत आवश्यक है

(3) व्याकरण-शिक्षण के लिए समय-सारणी में अलग से काव्यांशों की व्यवस्था होनी चाहिए

(4) भाषा-प्रयोग की अपेक्षा भाषा-निगमों को ही महत्त्व देना चाहिए

**115.** कक्षा में मौजूद बहुभाषिकता

(1) भाषा-शिक्षण में बाधक है

(2) भाषा-शिक्षण में एक संसाधन के रूप में प्रयुक्त हो सकती है

(3) बच्चों को 'लक्ष्य भाषा' सीखने के लिए हतोत्साहित करती है

(4) शिक्षक के लिए एक जटिल और कठोर चुनौती है

**116.** सपना अपनी कक्षा के बच्चों को मौखिक अभिव्यक्ति के अवसर देने के लिए अनेक क्रियाकलाप करती हैं । आप निम्नलिखित में से सबसे ज़्यादा प्रभावी किसे मानते हैं ?

(1) कहानी को बोल-बोलकर पढ़ना

(2) समाचार-पत्र का वाचन करना

(3) विभिन्न परिस्थितियों में संवाद-अदायगी करना

(4) शब्दों को ज़ोर-ज़ोर से बोलना

**117.** द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी सीखने का मुख्य उद्देश्य है

(1) हिंदी के व्याकरण पर अधिकार प्राप्त करना

(2) दैनिक जीवन में हिंदी में समझने तथा बोलने की क्षमता का विकास करना

(3) मानक हिंदी लिखने में निपुणता प्राप्त करना

(4) हिंदी और अपनी मातृभाषा के अंतर को कंठस्थ करना

**118.** 'उसने पढ़ा ।', 'उसने खाया ।' और 'उसने चीख़ा ।' जैसे भाषा-प्रयोग दर्शाते हैं

(1) नियम कंठस्थ न होना

(2) नियमों का अति सामान्यीकरण

(3) नियम का उल्लंघन

(4) संदर्भ की समझ न होना

**119.** माधुरी पढ़ते समय कभी-कभी वाक्यों, शब्दों की पुनरावृत्ति करती है । इसका यह भाषायी व्यवहार दर्शाता है कि

(1) उसे पढ़ना बिलकुल नहीं आता

(2) वह पढ़ने में ज़्यादा समय लेती है

(3) वह समझ के साथ पढ़ने की कोशिश कर रही है

(4) वह अटक-अटककर ही पढ़ सकती है

**120.** सुहेल एक साल पहले असम से पंजाब आया है । वह हिंदी भाषा का प्रयोग करते समय त्रुटियाँ करता है । एक शिक्षक के रूप में आप किस कथन को सही मानेंगे ?

(1) सुहेल को बार-बार उसकी त्रुटियों के बारे में बताना चाहिए

(2) सुहेल की मातृभाषा का प्रभाव लक्ष्य भाषा पर नहीं पड़ने देना चाहिए

(3) उसे रोज़ एक घंटा हिंदी भाषा के शब्द बोलने का अभ्यास कराना चाहिए

(4) सुहेल को भाषा प्रयोग के अधिकाधिक अवसर व प्रोत्साहन देना चाहिए

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for ENGLISH as LANGUAGE – II.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **अंग्रेज़ी** चुना हो ।

# PART V
# LANGUAGE II
# ENGLISH

***Directions** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. No. 121 to 129) by selecting the **most appropriate** option.*

It is your duty to train and develop your mind and acquire knowledge, as much knowledge as you possibly can obtain. Knowledge is like a deep well, fed by perennial springs, and your Mind is the little bucket that you drop into it: you will get as much as you can assimilate. The Brain, which is the physical organ of the mind, is one of the two precious products of the aeons of Evolution: the other is the imponderable 'Social instinct'. This wonderful Brain, whose every convolution represents millions of years of Time, really distinguishes you from the animals. Many animals have very powerful sense organs; the eagle, the ant and the dog have keener sense of sight than Man. But no animal has a more evolved Brain and higher Intelligence. If you do not develop and use this Brain to the utmost of your power, you are more akin to the beasts than to Homo-Sapiens.

Knowledge and mental self-culture will confer untold blessings upon you. You will not be the victim of superstition and demagogy in religion and politics. You will know your duty and do it. To be wise and independent in your religion and your politics, not to be doped and duped by the selfish priests and the scheming politicians of Capitalism and so called Socialism: is this not a noble aim worth striving for ? Most men and women today are not free and wise: they are like kites flown by the priests and politicians who hold the string. They are fleeced and fooled on account of their ignorance. Half the ills of man are due to ignorance.

**121.** What, according to the passage, is the duty of human beings ?

(1) To study correctly

(2) To acquire knowledge and develop the mind

(3) To make ourselves cultured

(4) To digest knowledge

**122.** Mind has been compared to

(1) a bucket

(2) a deep well

(3) a deep sea

(4) a perennial spring

**123.** For human beings, their brain is one of the two products of evolution. The other is their

(1) keener sense of sight

(2) instinct for living in a society

(3) physical strength

(4) self-culture and knowledge

**124.** What is man like if he does not develop and use his brain ?

(1) He is akin to the motionless statues

(2) He is like an angel

(3) He is akin to the beasts

(4) He is greater than gods

**125.** What will knowledge and mental self-culture confer upon man ?

(1) Richness of knowledge

(2) Money and material things

(3) Many blessings

(4) Untold miseries

**126.** If one acquires knowledge and develops mental self-culture, one will not be the victim of

(1) breed

(2) lust and carnal appetites

(3) pugnacity

(4) superstition and demagogy

**127.** The author implies that most men and women

(1) are arrogant in their behaviour

(2) lack social instinct

(3) do not possess capacity for free judgement

(4) are manipulated by priests and politicians

**128.** Pick out a word from the first paragraph that means the same as 'inexhaustible'.

(1) aeons

(2) convolution

(3) perennial

(4) imponderable

**129.** The word 'untold' as used in the second paragraph is

(1) a verb

(2) a noun

(3) an adjective

(4) an adverb

***Directions*** *: Read the passage given below and answer the questions (Q. No. 130 – 135) that follow by choosing the* ***most appropriate*** *option.*

The study of history provides many benefits. First, we learn from the past. We may repeat mistakes, but, at least, we have the opportunity to avoid them. Second, history teaches us what questions to ask about the present. Contrary to some people's view, the study of history is not the memorization of names, dates, and places. It is the thoughtful examination of the forces that have shaped the courses of human life. We can examine events from the past and then draw inferences about current events. History teaches us about likely outcomes.

Another benefit of the study of history is the broad range of human experience which is covered. War and peace are certainly covered as are national and international affairs. However, matters of culture (art, literature, and music) are also included in historical study. Human nature is an important part of history: emotions like passion, greed, and insecurity have influenced the shaping of world affairs. Anyone who thinks that the study of history is boring has not really studied history.

**130.** By studying history we can

(1) repeat mistakes

(2) predict the future

(3) avoid mistakes

(4) question the authority

**131.** Which method of teaching history would the author of this passage support ?

(1) Applying historical events to modern society

(2) Using flash cards to remember specific facts

(3) Weekly quizzes on dates and events

(4) Analyzing wars and their causes

**132.** History is all about

(1) memorizing names, dates and places

(2) understanding international affairs

(3) studying about a broad range of human experience

(4) maps, information and detailed data

**133.** History is ***not*** boring because

(1) it covers both war and peace

(2) it studies human nature and culture

(3) it is full of historical events

(4) it is about the mistakes we make

**134.** What is the main idea of this passage ?

(1) Studying history helps us to learn from the past

(2) Studying history is not just memorization

(3) The role of history is to help students deal with real life

(4) Students should study both national and international history

**135.** Pick out a word from the first paragraph that means the same as 'results'.

(1) benefits

(2) inferences

(3) forces

(4) outcomes

***Directions** : Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**136.** The most important feature of an effective language classroom is opportunity for learners to

(1) interact

(2) evaluate

(3) imitate

(4) relax

**137.** Curriculum is an educational programme which does ***not*** state

(1) the educational purpose of a programme

(2) the content (material, etc.), teaching strategies and learning experiences which will be necessary to achieve this purpose

(3) the means of evaluating whether these educational ends have been achieved or not

(4) the lesson planning details of the topics

**138.** In learning a new language, multilingualism is

(1) an asset

(2) an interference

(3) a burden

(4) a methodology

**139.** Speaking skill can be best developed by enabling the learners to

(1) communicate in real-life situations

(2) listen to the model provided by the teacher

(3) avoid all errors while speaking

(4) read challenging and difficult texts

**140.** Seating arrangement should be flexible in a language classroom because

(1) it reduces the responsibility of the teacher

(2) it helps the teacher in maintaining discipline

(3) it helps learners change their places frequently

(4) it facilitates pair work and group work

**141.** Pre-reading tasks are meant for

(1) giving the meanings of difficult words and phrases

(2) introducing the main idea and motivating the learners

(3) explaining the grammatical items used in the reading text

(4) evaluating the reading skill of the learners

**142.** Learners acquire a language by

(1) analysing the structure of the language

(2) studying the literature of that language

(3) learning about the culture of the speakers of that language

(4) using the language in a natural interactive environment

**143.** When a teacher asks her students to write a letter after having a group discussion, she is

(1) integrating different language skills

(2) following a traditional method

(3) likely to confuse the students

(4) adopting the Direct Method of language teaching

**144.** Picture comprehension is effective to promote

(1) speaking skill

(2) listening skill

(3) literary skill

(4) artistic skill

**145.** Comprehensive Evaluation refers to assessment of

(1) academic subjects

(2) both scholastic and co-scholastic areas

(3) summative assessment tests

(4) co-curricular activities

**146.** Teaching grammar is useful to improve

(1) fluency

(2) literacy

(3) numeracy

(4) accuracy

**147.** A mixed ability group is heterogeneous in

(1) gender and age

(2) social strata

(3) knowledge and skill

(4) economic status

**148.** A good test on reading comprehension will have questions

(1) that test the textual knowledge thoroughly

(2) that encourage learners to write answers without errors

(3) that test inference, interpretation and evaluation besides comprehension

(4) that focus primarily on the structures and words used in the text

**149.** Teachers should ***not*** give corporal punishment to learners because

(1) it is risky

(2) it creates stress and fear in learners

(3) it is only an emotional release for the teachers

(4) it makes parents very angry

**150.** All-round development of a child implies

(1) harmonious development of physical, emotional and mental faculties

(2) specialized training to make the learner a 'Jack of all Trades'

(3) following the natural stages of child development

(4) providing vocational education for the learner to function in any work environment

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for HINDI as LANGUAGE – II.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

# भाग V
# भाषा II
# हिन्दी

*निर्देश : गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 121 से 128) में* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

बच्चे और खिलौने का संबंध सदैव से ही रहा है । हम यह भी कह सकते हैं कि खिलौनों के बिना हम बच्चों की दुनिया की कल्पना भी नहीं कर सकते । चाहे हम बच्चों को खिलौने ख़रीदकर दें या न दें बच्चे अपने लिए किसी-न-किसी चीज़ (चाहे वे टूटे-फूटे डिब्बे हों या इसी तरह की अन्य सामग्री) को खिलौने की शक्ल दे ही देते हैं ।

बच्चों को एकदम छुटपन से ही मुँह से या खिलौनों से अजीबो-ग़रीब आवाज़ें निकाल कर हम बहलाते हैं और बच्चे बहल भी जाते हैं । यही बच्चे जैसे-जैसे बड़े होते जाते हैं, ख़ुद भी चीज़ों को जोड़-तोड़कर खिलौने बनाने में अपनी रचनात्मक ऊर्जा का ख़ूब इस्तेमाल करते हैं । इसलिए भी यह ज़रूरी हो जाता है कि बच्चों की इस रचनात्मक ऊर्जा को उभारने के लिए उन्हें भरपूर मौके दिए जाएँ ।

पहले हम गौर करें कि बच्चे अपने रोज़मर्रा के जीवन में कौन-कौन-सी चीज़ें बनाते हैं ? इसके लिए अगर हम अपने अतीत में गोता लगाएँ और अपने बचपन की दुनिया में झांकें तो तरह-तरह के खिलौनों का ख़ज़ाना हमारी स्मृति में से निकलकर आता है — ढेर सारी माचिस की खाली डिब्बियों को बिल्कुल सरल तरीक़े से जोड़कर बनती रेलगाड़ी, कागज़ से बनाई जाने वाली ढेरों चीज़ें जैसे नाव, हवाई जहाज़, तितली, नाग आदि क्या-क्या नहीं बनाते थे इन सब से ।

**121.** अनुच्छेद में इस बात की ओर संकेत किया गया है कि

(1) बच्चों को खिलौने ख़रीदकर देने की आवश्यकता नहीं है

(2) बच्चे अपने आस-पास की चीज़ों को खिलौने बना लेते हैं

(3) पुराने ज़माने में बच्चे केवल कागज़ की नाव से ही खेलते थे

(4) बच्चों को टूटी-फूटी चीज़ें ही देनी चाहिएँ

**122.** जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं

(1) उन्हें टूटे-फूटे डिब्बे पसंद नहीं आते

(2) उनका खिलौनों के प्रति आकर्षण समाप्त होने लगता है

(3) खिलौने बनाने में अपनी रचनात्मक ऊर्जा का प्रयोग करने लगते हैं

(4) चीज़ों को तोड़कर खिलौने बनाने लगते हैं

**123.** खिलौने बच्चों की ____________ को बढ़ाते हैं ।

(1) भावनाओं

(2) सृजनात्मकता

(3) सामाजिकता

(4) ऊर्जा

**124.** निम्नलिखित में से कौन-सी चीज़ बच्चे के लिए दूरबीन बन सकती है ?

(1) चूड़ी

(2) टूथपेस्ट का ख़ाली डिब्बा

(3) माचिस

(4) पेंसिल

**125.** बच्चों की रचनात्मक ऊर्जा को उभारने के लिए

(1) घर का सारा सामान उन्हें दे देना चाहिए

(2) अनुपयोगी परंतु सुरक्षित सामान दे सकते हैं

(3) सारा टूटा-फूटा सामान दे देना चाहिए

(4) उन्हें खिलौने बनाने का औपचारिक प्रशिक्षण देना चाहिए

**126.** 'अतीत में गोता लगाने' का अर्थ है
(1) अतीत की झील में डुबकी लगाना
(2) अतीत की स्मृतियों को बनाए रखना
(3) अतीत में इस तरह के व्यवहार की खोज करना
(4) अतीत के बारे में जानना

**127.** 'बचपन' शब्द __________ शब्द है ।
(1) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(2) जातिवाचक संज्ञा
(3) विशेषण
(4) भाववाचक संज्ञा

**128.** बच्चे और खिलौने का ________ सदैव से ही रहा है ।
(1) सरोकार
(2) दोस्तीपना
(3) तालमेल
(4) रिश्ता

***निर्देश :*** *गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 129 से 135) में* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

जिन्होंने भी बच्चों को पढ़ाने की कोशिश की है — चाहे वे माता-पिता हों या शिक्षक — उनके खाते में सफलता के साथ-साथ असफलता और निराशा भी दर्ज होती है । ऐसे में एक सवाल उठता है कि आख़िर इतना मुश्किल क्यों है पढ़ाना ?

एक मुख्य समस्या तो यह है कि पढ़ाने वालों का विश्वास बच्चों की क्षमताओं या योग्यताओं पर काफ़ी कम होता है । यह बात मैं यूँ ही नहीं कह रही बल्कि एक अभिभावक, एक शिक्षक और एक शिक्षक प्रशिक्षक होने के आधार पर कह रही हूँ ।

कई बार मैं उस पाठ को लेकर बच्चों (दूसरी, तीसरी या फिर पाँचवीं के) के सामने खड़ी होती हूँ जो मुझे उन्हें पढ़ाना है । मेरे पास कुछ जानकारी है जो मैं बच्चों को देना चाहती हूँ । लेकिन मैं यह जानकारी उन्हें क्यूँ देना चाहती हूँ ? क्योंकि मुझे लगता है कि वे इसके बारे में नहीं जानते; इसे जानने में उन्हें मज़ा आएगा; यह दुनिया के बारे में उनके नज़रिए को विस्तृत करने में मदद करेगी; यह उन्हें बेहतर इंसान बनने में मदद करेगी, भले ही थोड़ा-सा ।

लेकिन कभी-कभार पढ़ाना शुरू करने से पहले ही मेरे दिमाग़ में यह ख़याल बुदबुदाना शुरू कर देता है कि शायद उन्हें वह पहले से ही मालूम हो जो मैं उन्हें बताना चाहती हूँ । तो उन्हें कुछ बताने की बजाए मैं उनके सामने सवाल रख देती हूँ ।

**129.** लेखिका को कौन-सा ख़याल परेशान करता है ?
(1) बच्चों को सही तरीक़े से कैसे पढ़ाया जाए
(2) बच्चों को रोचक तरीक़े से कैसे पढ़ाया जाए
(3) जो हम पढ़ाने जा रहे हैं कहीं बच्चे उसके विषय में पहले से ही तो नहीं जानते
(4) बच्चों को भला इंसान कैसे बनाया जाए

**130.** अनुच्छेद में किस मुख्य समस्या की बात की गई है ?
(1) शिक्षक अच्छी तरह से पढ़ाते नहीं हैं
(2) बच्चों की योग्यता में विश्वास नहीं किया जाता
(3) पढ़ाना अपने आप में बहुत मुश्किल काम है
(4) छोटी कक्षाओं को पढ़ाना

**131.** बच्चों को पढ़ाने से पहले स्वयं से 'क्यों' वाला सवाल पूछना क्यों ज़रूरी है ?
(1) इससे पाठ्यक्रम जल्दी खत्म हो जाता है
(2) इससे न पढ़ाने के लिए तार्किक आधार मिल जाता है
(3) ताकि हम बच्चों से भी 'क्यों' वाले सवाल पूछ सकें
(4) यह पढ़ाने के उद्देश्य और तरीक़े निर्धारित करने में मदद करता है

**132.** अनुच्छेद में यह संकेत किया गया है कि
(1) बच्चे सारे सवालों के जवाब दे सकते हैं
(2) बच्चे बहुत कुछ जानते हैं
(3) बच्चे खेल-खेल में जल्दी सीखते हैं
(4) शिक्षक, अभिभावक पढ़ाना नहीं जानते

133. किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय – दोनों का प्रयोग हुआ है ?

(1) असफलता

(2) नम्रता

(3) योग्यताओं

(4) क्षमताओं

134. 'आख़िर इतना मुश्किल क्यों है पढ़ाना ?' वाक्य को यदि हिंदी की सामान्य वाक्य-रचना के अनुसार लिखा जाए तो वाक्य होगा

(1) इतना मुश्किल क्यों है पढ़ाना आख़िर ?

(2) पढ़ाना इतना मुश्किल क्यों है आख़िर ?

(3) आख़िर पढ़ाना इतना मुश्किल क्यों है ?

(4) आख़िर पढ़ाना मुश्किल क्यों है इतना ?

135. '<u>इसे</u> जानने में <u>उन्हें</u> मज़ा आएगा ।' वाक्य में रेखांकित सर्वनामों का प्रयोग किनके लिए हुआ है ?

(1) 'जानकारी', अभिभावक के लिए

(2) 'जानकारी', 'बच्चों' के लिए

(3) 'पाठ', बच्चों के लिए

(4) 'पाठ', 'शिक्षकों' के लिए

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

136. भाषा सीखने में होने वाली त्रुटियाँ

(1) भाषा-प्रयोग की असफलता की ओर संकेत करती हैं

(2) भाषा सीखने की प्रक्रिया के स्वाभाविक पड़ाव हैं

(3) सही नही हैं, इनके प्रति कठोर रवैया अपनाना चाहिए

(4) बच्चे, शिक्षक पाठ्यक्रम आदि की असफलताओं के संकेतक हैं

137. भाषा तब सबसे सहज और प्रभावी रूप से सीखी जाती है जब

(1) भाषा के नियम कंठस्थ कराए जाएँ

(2) भाषा-शिक्षक कठोर रवैया अपनाते हैं

(3) भाषा-प्रयोग की दक्षता प्रमुख उद्देश्य हो

(4) भाषा की पाठ्य-पुस्तक में अधिक-से-अधिक पाठों का समावेश हो

138. 'नाटक शिक्षण' में सतत और व्यापक मूल्यांकन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है ?

(1) लिखित परीक्षा

(2) मुख्य संवादों को सुन्दर रूप से लिखना

(3) पढ़े गए नाटक का मंचन

(4) पात्रों का चरित्र-चित्रण लिखना

139. रागिनी हमेशा 'हैंडपंप' को चापाकल बोलती है । एक शिक्षिका के रूप में आप क्या करेंगी ?

(1) रागिनी को समझाएँगे कि यह चापाकल नहीं, हैंडपंप है

(2) संपूर्ण कक्षा को बताएँगे कि हैंडपंप को चापाकल भी कहा जाता है

(3) उसे डाँटेंगे कि उसने ग़लत शब्द का प्रयोग किया है

(4) उसकी तरफ कोई ध्यान नहीं देंगे

140. मौखिक अभिव्यक्ति के समय होने वाली त्रुटियों पर बार-बार टोकने से

(1) बच्चों की त्रुटियाँ खत्म हो जाती हैं

(2) बच्चे अपनी त्रुटियों के कारण को समझ जाते हैं

(3) बच्चे धीरे-धीरे खामोश होनें लगते हैं

(4) बच्चों के भीतर आत्मविश्वास बढ़ता है

141. बच्चों में भाषा-सीखने की क्षमता जन्मजात होती है । अतः

(1) भाषा-शिक्षण का कार्य नहीं किया जाना चाहिए

(2) भाषा-शिक्षण का कार्य घर पर ही किया जाना चाहिए

(3) उनकी इस क्षमता का भरपूर प्रयोग करते हुए भाषायी नियम सिखाए जाने चाहिएँ

(4) बच्चों को समृद्ध भाषिक परिवेश उपलब्ध कराया जाना चाहिए

**142.** भाषा-कौशलों के बारे में कौन-सा कथन सही है ?

(1) भाषा के कौशल केवल क्रमबद्ध रूप से ही सीखे जाते हैं

(2) भाषा के कौशल परस्पर अंतःसंबंधित हैं

(3) भाषा के कौशलों में से केवल पढ़ना-लिखना महत्त्वपूर्ण है

(4) भाषा के मूल रूप से कौशलों में से केवल सुनना, बोलना ही महत्त्वपूर्ण है

**143.** पठित अंश पर प्रश्नों का निर्माण करवाने से

(1) बच्चों की पढ़कर समझने की योग्यता का आकलन होता है

(2) प्रश्न-पत्र बनाने में आसानी होती है

(3) प्रश्न-बैंक तैयार हो जाता है जिसका उपयोग प्रश्न-पत्र बनाने में किया जाता है

(4) बच्चों की ऊर्जा, समय व्यर्थ चला जाता है

**144.** भाषा की पाठ्य-पुस्तक में लोकगीतों को स्थान देना

(1) गायन को महत्त्व देना है

(2) परम्परा का निर्वाह करना है

(3) भारत की सांस्कृतिक विशेषताओं से परिचित होने गें मदद करता है

(4) बच्चों को 'संगीत' सिखाने से जुड़ा है

**145.** पढ़ने की कुशलता का विकास करने के लिए ज़रूरी है कि

(1) बच्चों को शब्दार्थ जानने के लिए बाध्य किया जाए

(2) बच्चों को विविध प्रकार की विषय-सामग्री उपलब्ध कराई जाए

(3) बच्चों को द्रुत गति से पढ़ने के लिए बाध्य किया जाए

(4) बच्चों को बोल-बोलकर पढ़ने के लिए निर्देश दिए जाएँ

**146.** निम्नलिखित में से कौन-सी विधा का अनिवार्यतः सस्वर पठन किया जाना अपेक्षित है ?

(1) जीवनी

(2) आत्मकथा

(3) निबंध

(4) एकांकी

**147.** पाठ्य-वस्तु का भावपूर्ण पठन

(1) पठन की पहली और अनिवार्य शर्त है

(2) अर्थ को समझने में मदद करता है

(3) केवल कविताओं पर ही लागू होता है

(4) पठन का एकमात्र आदर्श रूप है

**148.** मुहावरे और लोकोक्तियों का प्रयोग करना

(1) व्याकरण का प्रमुख हिस्सा है

(2) हिंदी भाषा-शिक्षण का सबसे महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है

(3) भाषिक अभिव्यक्ति को प्रभावी बनाता है

(4) केवल गद्य पाठों के अभ्यासों का हिस्सा है

**149.** भाषा-शिक्षण के संदर्भ में कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(1) भाषा-शिक्षण में समृद्ध भाषिक परिवेश उपलब्ध कराना ज़रूरी है

(2) भाषा की नियमबद्ध व्यवस्था को केवल व्याकरण के माध्यम से ही जाना जा सकता है

(3) भाषागत शुद्धता के प्रति अत्यधिक कठोर रवैया नहीं अपनाना चाहिए

(4) समृद्ध भाषिक परिवेश में बच्चे स्वयं नियमों का निर्माण करते हैं

**150.** भाषा-शिक्षण का निर्माणकारी उपागम इस बात पर बल देता है कि

(1) बच्चों को भाषायी नियम कंठस्थ करवाए जाएँ

(2) बच्चों की भाषागत शुद्धता पर विशेष बल देना चाहिए

(3) व्याकरण के नियम जानना ही शुद्ध भाषा-प्रयोग का एकमात्र आधार है

(4) समाज में व्याप्त भाषायी व्यवहार का अवलोकन करते हुए बच्चे स्वयं ही नियम बना लेते हैं

## SPACE FOR ROUGH WORK

## रफ कार्य के लिए जगह

## READ CAREFULLY THE FOLLOWING INSTRUCTIONS :

1. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with Blue/Black Ball Point Pen on Side-2 of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
2. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
3. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
4. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet / Answer Sheet in the Attendance Sheet.
5. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
6. Each candidate must show on demand his / her Admission Card to the Invigilator.
7. No candidate, without special permission of the Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
8. The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet a second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case.
9. Use of Electronic / Manual Calculator is prohibited.
10. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.
11. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
12. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room / Hall. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

## निम्नलिखित निर्देश ध्यान से पढ़ें :

1. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के पृष्ठ-2 पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
2. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
3. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
4. परीक्षा पुस्तिका / उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाज़िरी-पत्र में लिखें ।
5. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश कार्ड के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, काग़ज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
6. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-कार्ड दिखाएँ ।
7. अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
8. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं हाज़िरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाज़िरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा ।
9. इलेक्ट्रॉनिक / हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
10. परीक्षा-हॉल में आचरण के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
11. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
12. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष / हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष-निरीक्षक को अवश्य सौंप दें । *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।***

SEAL